संख्या-15/20/95-का-4-2004

प्रेषक,

प्रदीप शुक्ला,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ :: दिनाँक:: 02 सितम्बर, 2004

विषय:- लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को समय से अधियाचन प्रेषित किया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, समसंख्यक शासनादेश दिनाँक 02 जनवरी, 1996, दिनाँक 28 मई, 1997, दिनाँक 20 मई, 1998, दिनाँक 02 अगस्त, 1999, दिनाँक 27 मार्च, 2003 एवं दिनाँक 11 नवम्बर, 2003 में यह स्पष्ट निर्देश निर्गत किये गये थे कि सम्पूर्ण सूचनाओं का समावेश करते हुए, निर्धारित प्रपत्रों पर समय से लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को अधियाचन उपलब्ध करा दिये जाँय ।

2. लोक सेवा आयोग द्वारा अवगत कराया गया है कि अभी भी उन्हें समय से अधियाचन उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं, जिससे निर्धारित तिथि पर विज्ञापन प्रकाशित कराने में विलम्ब होता है । अत: आपसे निम्नवत् अनुरोध करने का मुझे निदेश हुआ है :-

(1) सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2004 के अवशेष अधियाचन विलम्बतम् दिनाँक 15 सितम्बर, 2004 तक लोक सेवा आयोग को उपलब्ध करा दिये जाँय ।

(2) सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2005 के अधियाचन विलम्बतम् दिनाँक 20-09- 2004 तक उपलब्ध करा दिये जाँय ताकि लोक सेवा आयोग द्वारा दिनाँक 01 जनवरी, 2005 को उक्त परीक्षा का विज्ञापन प्रकाशित किया जा सके ।

(3) भविष्य में भी समस्त अधियाचन , सुस्पष्ट विवरण , सेवा नियमावलियों की प्रति एवं आरक्षण (क्षैतिज आरक्षण सहित) की स्थिति स्पष्ट करते हुए, ससमय लोक सेवा आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

कृ0पेज....2

3. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

3/10

॥ प्रदीप शुक्ला ॥
सचिव ।

संख्या-15/20/95॥1॥का-4-2004, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
2. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-101/1/ई-1/2004-2005, दिनांक 03 अगस्त, 2004 एवं पत्र संख्या-108/4/ई-1/2003-2004, दिनांक 04 अगस्त, 2004 के संदर्भ में सूचना हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से,

॥ बी0एन0 दीक्षित ॥
विशेष सचिव ।